खास-समाचार

केवि में स्किल इंडिया योगा कोर्स की शुरूआत एक नवम्बर से

तीन माह का होगा कोर्स, फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 27 अक्टूबर

पीडीडीयू नगर (द वूमन न्यूज)। स्किल इंडिया योजना के तहत केंद्रीय विद्यालय, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर परिसर में आगामी 1 नवंबर से असिस्टेंट योगा इंस्ट्रक्टर कोर्स की शुरूआत होने जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य के के भारती ने बताया कि उक्त कोर्स स्किल इंडिया योजना के तहत चलाया जाएगा जो 3 महीने का होगा। कोर्स की शुरूआत 1 नवम्बर से होगी। कोर्स के समाप्ति पर अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया जाएगा। जिसके बाद सहायक योगा इंस्ट्रक्टर के रूप में अपना करियर भी संवार सकते हैं। फॉर्म भरकर जमा करने की अंतिम तारीख 27 अक्टूबर है। फॉर्म विद्यालय रिसेप्शन से सुबह 9 बजे से 1 बजे तक कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। योग्यता के बारे में प्राचार्य श्री भारती ने बताया कि कम से कम 15 से 45 आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण स्त्री व पुरूष कोर्स को करने के योग्य होंगे। कोर्स प्रतिदिन दोपहर 2.15 से 5.15 बजे तक संचालित होगा।